परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निर्देश

महाविद्यालय में दिनांक 05–01–2026 से सेमेस्टर परीक्षाएँ नवंबर 2025 प्रारम्भ हो रही हैं। समस्त परीक्षार्थी निम्न निर्देशों का अनिवार्यतः पालन करें।

1 सभी परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा में बैठने हेतु महाविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया हुआ प्रवेश–पत्र लाना अनिवार्य है। प्रवेश पत्र के अभाव में परीक्षा में सम्मिलित किये जाने से वंचित किया जायेगा। अतः समस्त परीक्षार्थी प्रवेश–पत्र साथ लेकर ही परीक्षा देने आयें। इसके साथ नियमित विद्यार्थी अपना आई कार्ड तथा भूतपूर्व परीक्षार्थी वैध पहचान पत्र साथ लेकर आयेंगे।

2 यदि किसी परीक्षार्थी के डाउनलोड किये हुए प्रवेश पत्र में उसकी स्वयं की फोटो के स्थान पर अन्य फोटो अथवा बिना फोटो के प्रवेश पत्र प्राप्त हुआ है तो उसे अनिवार्य रूप से अपने प्रवेश पत्र पर स्वयं की फोटो चस्पा करने के साथ एक अतिरिक्त फोटो उपस्थित पत्रक के लिये लानी होगी और परीक्षा के दौरान उसे उपस्थिति पत्रक पर अनिवार्य रूप से चस्पा करवाना होगा।

3 परीक्षा प्रारम्भ होने से 20 मिनट पूर्व परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा कक्ष में अपना स्थान ग्रहण करें।

4 सभी परीक्षार्थी अपनी आवंटित सीट पर अपने अनुक्रमांक के अनुसार ही बैठें।

5 परीक्षार्थी अपने साथ बैग, पर्स, मोबाईल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर नहीं आयें। यदि कोई परीक्षार्थी अपने साथ बेग एवं उसमें कीमती सामग्री लेकर परीक्षा कक्ष में बैठता है और उसका बेग वीक्षको द्वारा बाहर रखवाया जाता है ऐसी परिस्थिति में यदि उसका बेग अथवा उसमें रखी हुई सामग्री चोरी जाती है तो छात्रा उसके लिये स्वयं जिम्मेदार होगी क्योंकि महाविद्यालय द्वारा इस प्रकार की अनावश्यक सामग्री को लाने हेतु परीक्षा के समय पूरी तरह से प्रतिबंधित किया हुआ है।

6 परीक्षा कक्ष में परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी के पास किसी भी प्रकार की लिखित/प्रिंटिंग सामग्री, मोबाईल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पाई जाने पर नकल प्रकरण बनेगा।

7 परीक्षा प्रारम्भ होने के एक घण्टे तक परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जा सकते है।

8 सभी परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में अनुशासन बनाएँ रखेंगे। अनुशासनहीनता करने पर परीक्षा से वंचित किया जा सकता है।

9 परीक्षार्थी परीक्षा समाप्ति पर अपनी उत्तरपुस्तिका वीक्षक को जमा करने के पश्चात ही कक्ष छोड़ें।

4/1/2026

परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination
Govt. Kamla Raja Girls Post-Graduate
Autonomous College, Gwalior (M.P.)-474001

4/1/26

प्राचार्य

PRINCIPAL
Govt. Kamla Raja Girls Post-Graduate
Autonomous College, GWALIOR-474001